# बिहार लोक सेवा आयोग

# 38वीं-68वीं तक

## अध्यायवार हल प्रश्न पत्र

# सामान्य अध्ययन

## प्रारंभिक परीक्षा

**संपादकः** एन. एन. ओझा
(सिविल सेवा परीक्षाओं के मार्गदर्शन में 30 से अधिक वर्षों का अनुभव)
**उत्तर प्रस्तुतिः** क्रॉनिकल संपादकीय समूह

CHRONICLE
Nurturing Talent Since 1990

# अनुक्रमणिका


● 68वीं, 67वीं (पुनर्परीक्षा) 67वीं (निरस्त) प्रारंभिक परीक्षा हल प्रश्न-पत्र........................................I-LII

**1. भारतीय इतिहास........................... 5-78**

**प्राचीन भारत........................................................................ 5**

- प्रागैतिहासिक काल 5
- सिंधु घाटी सभ्यता 5
- वैदिक काल 6
- जैन धर्म 7
- बौद्ध धर्म 8
- महाजनपद काल 10
- मौर्यकाल 11
- मौर्योत्तर काल 16
- प्राचीन भारत में स्थापत्य कला 16
- गुप्त एवं गुप्तोत्तर काल 17
- सूफी एवं भक्ति आंदोलन 19
- दक्षिण भारत का इतिहास 20

**मध्यकालीन भारत............................................................. 20**

- प्रा. मध्यकालीन भारत के प्रमुख राजवंश 20
- भारत पर विदेशी आक्रमण 20
- दिल्ली सल्तनत 21
- विजय नगर साम्राज्य 25
- मुगल साम्राज्य 26
- मुगल साम्राज्य का पतन 29
- मराठा साम्राज्य 30

**आधुनिक भारत................................................................. 30**

- यूरोपीय कंपनियों का आगमन 30
- भारतीय अर्थव्यवस्था पर ब्रिटिश प्रभाव 33
- भारत में ब्रिटिश राज्य की संवैधानिक संरचना 35
- 1857 का विद्रोह 37
- किसान एवं आदिवासी विद्रोह 40
- भारत में धार्मिक एवं सामाजिक पुनर्जागरण 43
- भारत में राष्ट्रवाद 47

**भारत का स्वतंत्रता आंदोलन........................................... 51**

- भारत का स्वतंत्रता आंदोलन 51
- गांधी युग 70
- अन्तरिम सरकार का गठन 76
- स्वतंत्रोतर भारत 77

**2. भारत एवं विश्व का भूगोल ...............79-116**

**भौतिक भूगोल ................................................................. 79**

- भारत एवं विश्व की भौगोलिक स्थिति 79
- वायुमंडलीय आद्रता 80
- भारत की भू-आकृति प्रदेश 81
- भारत का अपवाह तंत्र 82
- भारत की जलवायु 82
- भारत की प्राकृतिक वनस्पति 83
- सौरमंडल 84
- पृथ्वी की गतियां 85
- पृथ्वी की उत्पत्ति एवं भूगर्भिक इतिहास 85
- चट्टानें 85
- भूकंप एवं ज्वालामुखी 86
- मैदान 86
- भारत की मृदा 86
- मृदा 87
- जलमंडल 87
- जलडमरूमध्य एवं जलसंधियां 90
- सूर्यताप एवं तापमान 91
- वायुमंडलीय दाब 91
- विश्व जलवायु प्रदेश 91
- नदी/बंदरगाह 91
- मरुस्थल 95
- झील/झरने 96
- पर्वत/पठार 96

**आर्थिक भूगोल (भारत एवं विश्व)................................ 98**

- भारतीय कृषि 98
- खनिज संसाधान 101
- ऊर्जा संसाधन 103

➢ भारत के उद्योग 105
➢ परिवहन एवं संचार 107
➢ विश्व में कृषि एवं फसल उत्पादन 109
➢ खनिज एवं उद्योग 110

**सामाजिक भूगोल ( भारत एवं विश्व )........................... 111**

➢ भारतीय जनसंख्या की संरचना 111
➢ विश्व जनसंख्या और जनजातियां 114
➢ विविध 115

**3. पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी ........... 117-120**

➢ पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी 117
➢ जैव-विविधता 118
➢ प्रदूषण 118
➢ जलवायु परिवर्तन 119
➢ आपदा प्रबंधन 120

**4. भारतीय राजव्यवस्था ................... 121-148**

➢ भारत का संवैधानिक विकास 121
➢ संविधान का निर्माण 121
➢ संघ एवं राज्य क्षेत्र 122
➢ नागरिकता 124
➢ मौलिक अधिकार 125
➢ राज्य के नीति निर्देशक तत्व 125
➢ मूल कर्त्तव्य 126
➢ केंद्र राज्य संबंध 126
➢ राष्ट्रपति 127
➢ उपराष्ट्रपति 129
➢ प्रधानमंत्री 129
➢ केंद्रीय मंत्रिपरिषद 130
➢ संसद 130
➢ उच्चतम न्यायालय 135
➢ राज्यपाल 136
➢ मुख्यमंत्री 137
➢ राज्य विधानमंडल 137
➢ उच्च न्यायालय 138
➢ राजभाषा 138
➢ पंचायती राज 138
➢ संवैधानिक एवं गैर-संवैधानिक निकाय 143
➢ संविधान की अनुसूचियां 145
➢ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 145
➢ संविधान संशोधन 147

**5. भारतीय अर्थव्यवस्था ................... 149-171**

➢ परिचय एवं संबंधित अवधारणाएं 149
➢ आर्थिक विकास 150
➢ आर्थिक नियोजन 152
➢ कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र 154
➢ उद्योग 156
➢ सेवा क्षेत्र 157
➢ मुद्रा एवं बैंकिंग 158
➢ बीमा एवं पूंजी 161
➢ वित्त, राजकोषीय नीति एवं जीएसटी 161
➢ विदेशी व्यापार एवं भुगतान संतुलन 165
➢ मानव एवं सामाजिक आर्थिक विकास 166
➢ अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं एवं व्यापारिक संगठन 169

**6. सामान्य विज्ञान ........................ 172-211**

➢ जीव विज्ञान 172
➢ भौतिक विज्ञान 186
➢ रसायन विज्ञान 198
➢ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी 210

**7. राज्य विशेष ............................ 212-242**

❖◆❖◆❖

# 68वीं, 67वीं (पुनर्परीक्षा) 67वीं (निरस्त) प्रारंभिक परीक्षा हल प्रश्न-पत्र

## भारतीय इतिहास

1. **प्रथम बार संघर्ष के तरीकों के रूप में स्वदेशी एवं बहिष्कार किसके दौरान अपनाए गए थे?**
   (a) होम रूल आंदोलन
   (b) साइमन कमीशन के भारत आगमन
   (c) बंगाल विभाजन
   (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]**

**उत्तर: (c),** वर्ष 1905 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बंगाल विभाजन की निन्दा करने और विभाजन विरोधी और स्वदेशी आन्दोलन का समर्थन करने हेतु संकल्प लिया गया था। बंगाल विभाजन के निर्णय की घोषणा 19 जुलाई, 1905 को भारत के तत्कालीन वाइसराय कर्जन के द्वारा किया गया था। बंगाल विभाजन का विरोध करने के लिए बंगाल में बहुत सारी बैठकों का आयोजन किया गया था और यह निर्णय लिया गया कि अब से अंग्रेजी वस्तुओं का बहिष्कार किया जाएगा अर्थात अब कोई भी अंग्रेजी वस्तुओं को नहीं खरीदेगा और न ही उन्हें इस्तेमाल करेगा।

2. **1906 में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस ( आइ. एन. सी. ) के कलकत्ता अधिवेशन में भारत के लिए स्वराज का झण्डा किसके द्वारा फहराया गया था?**
   (a) जी.के. गोखले (b) ए. ओ. ह्यूम
   (c) दादाभाई नौरोजी (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]**

**उत्तर: (c),** वर्ष 1906 में दादाभाई नौरोजी की अध्यक्षता में कलकत्ता में कांग्रेस का अधिवेशन आयोजित किया गया, जिसमे स्वशासन या स्वराज को INC के लक्ष्य के रूप में घोषित किया गया था। कांग्रेस का कलकत्ता अधिवेशन 1906 ई. में कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) में सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में नरम दल तथा गरम दल के बीच जो मतभेद थे, वह उभरकर सामने आ गये। इन मतभेदों के कारण अगले ही वर्ष 1907 ई. के 'सूरत अधिवेशन' में कांग्रेस का विभाजन नरम दल और गरम दल में हो गया था। 1907 ई. में कांग्रेस का विभाजन 'सूरत अधिवेशन' में दिखने को मिला। उग्रवादी दल इस अधिवेशन में चार प्रस्तावों को पास करवाने में सफल रहा–

❖ स्वराज्य की प्राप्ति,
❖ राष्ट्रीय शिक्षा को अपनाना,
❖ स्वदेशी आन्दोलन को प्रोत्साहन देना,
❖ विदेशी वस्त्रों का बहिष्कार करना।

दादाभाई नौरोजी ने कलकत्ता के कांग्रेस अधिवेशन में ही सर्वप्रथम 'स्वराज्य' की मांग प्रस्तुत की।

3. **स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय राज्यों ( कश्मीर, निजाम के हैदराबाद, त्रवणकोर आदि जैसे भारतीय शासकों द्वारा शासित राज्यों ) में एक समानांतर आंदोलन शुरू किया गया था। उसका नाम था**
   (a) स्वराज आंदोलन (b) राज्य जन आंदोलन
   (c) प्रजा मण्डल आंदोलन (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]**

**उत्तर: (c),** स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय राज्यों (कश्मीर, निजाम के हैदराबाद, त्रावणकोर आदि जैसे राज्यों में आरंभ समानान्तर आन्दोलन को प्रजा मंडल आंदोलन के नाम से जाना गया था। राष्ट्रीय आन्दोलन के अंतर्गत लोगों ने अपने अधिकारों के लिए एक साथ अपनी सामंती राजाओं और ब्रिटिश प्रशासन के खिलाफ लड़ाई लड़ी व प्रजामंडल आन्दोलनों की मुख्य मांग जनतांत्रिक अधिकार था।

4. **भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**
   (a) वर्ष 1921 में महात्मा गाँधी को गिरफ्तार कर लिया गया था।
   (b) चौरी-चौरी कांड के कारण गाँधीजी ने असहयोग आंदोलन से हाथ खींच लिया था।
   (c) गाँधीजी ने अपना पहला प्रमुख सार्वजनिक भाषण बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में दिया था।
   (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]**

**उत्तर: (a),** चौरी चौरा घटना के एक महीने के बाद अंग्रेजों ने गांधी जी को देशद्रोह के आरोप में 10 मार्च, 1922 को गिरफ्तार कर लिया तथा छः वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। अतः विकल्प (A) गलत है।

❖ महात्मा गांधी ने 1920 में असहयोग आन्दोलन शुरू किया था, लेकिन गांधी का शान्तिपूर्ण सत्याग्रह 1922 में उत्तर प्रदेश के चौरी-चौरा में हिंसक हो गया और प्रदर्शनकारियों की भीड़ द्वारा 22 पुलिसकर्मियों को जला दिया गया। इसके पश्चात गाँधी जी ने असहयोग आन्दोलन को वापस ले लिया था। सी.आर. दास, मोतीलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, जवाहरलाल नेहरू सहित अधिकांश राष्ट्रवादी नेताओं ने आंदोलन को वापस लेने के गांधी के फैसले पर अपनी असहमति व्यक्त की।

# भारतीय राज्य व्यवस्था

**1. भारत में जिला स्तर पर उपभोक्ता विवाद निवारण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) जिला फोरम उन शिकायतों पर विचार करता है, जहाँ वस्तुओं या सेवाओं का मूल्य पचास लाख रुपए से अधिक नहीं होता है।

(b) राज्य सरकार यदि उचित समझे तो एक जिले में एक से अधिक जिला फोरम की स्थापना कर सकती है।

(c) जिला फोरम के सदस्यों में से एक महिला होगी।

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]**

**उत्तर: (e),** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण न्यायाधिकरण जिला उपभोक्ता विवाद निवारण न्यायाधिकरण 'जिला न्यायाधिकरण' के नाम से भी जानी जाती है और ये सम्बन्धित राज्य सरकारों के द्वारा प्रत्येक जिले में स्थापित की जाती हैं। राज्य सरकार किसी जिले में एक से अधिक जिला न्यायाधिकरणों की स्थापना कर सकती है। यह एक जिला स्तरीय न्यायालय, अदालत' होती है, जो कि 20 लाख रुपये के मूल्य तक के मामलों की सुनवाई करती है।

**2. एक पंचायत समिति किस स्तर पर एक पंचायती राज संरचना का संचालन करती है?**

(a) ब्लॉक-स्तरीय निकाय (b) जिला स्तर

(c) ग्राम पंचायत स्तर (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]**

**उत्तर: (a),** पंचायत समिति का गठन ब्लाक स्तर पर किया जाता है।

**व्याख्या:** यह एक मध्यवर्ती स्तर की पंचायत है, लगभग 5000 की आबादी पर निर्धारित प्रत्येक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र से पंचायत समिति के लिये एक प्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य के रूप में मतदाताओं द्वारा प्रत्यक्ष रूप से चुना जाता है। पंचायत समिति में प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र से सीधे चुनकर आये हुए सदस्यों के अतिरिक्त और भी सदस्य होते हैं। पंचायत समिति की कार्यावधि पाँच वर्षों की होती है। इसकी पहली बैठक की तारीख से अगले पाँच वर्षों तक कार्यावधि होगी।

**3. निम्नलिखित में से किसे समुदाय विकास के पहले कार्यक्रम के रूप में स्थापित किया गया था?**

(a) सहयोग आन्दोलन

(b) राष्ट्रीय विस्तार सेवा

(c) एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]**

**उत्तर: (b),** राष्ट्रीय विस्तार सेवा कार्यक्रम 2 अक्टूबर 1953 को लागू किया गया था, इसे सामुदायिक विकास कार्यक्रम के सहयोग हेतु आरंभ किया गया था। इसके पश्चात् 1957 में राष्ट्रीय विकास परिषद् ने सामुदायिक विकास कार्यक्रम पर विचार हेतु बलवंत राय मेहता समिति का गठन किया गया था।

**4. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में लिखा हुआ 'कानून के समक्ष समानता' किस देश के संविधान से लिया गया है?**

(a) फ्रांस

(b) ब्रिटेन

(c) यू.एस.ए.

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपुर्यक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (b),** 'कानून के समक्ष समानता' का मूल सिद्धांत ब्रिटिश व्यवस्था में निहित है। ए.वी. डाइसी ने अपनी पुस्तक 'द कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ इंग्लैंड' में इस अवधारणा का और विस्तार किया था।

**व्याख्या:** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में कानून के समक्ष समानता' और 'कानून के समान संरक्षण' का उल्लेख किया गया है। 'कानून के समान संरक्षण' संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान से ली गई है। कानून के समक्ष समानता की अवधारणा का सीधा अर्थ यह है कि कानून को समान लोगों के बीच समान रूप से लागू और प्रशासित किया जाना चाहिए।

❖ यह अवधारणा किसी भी व्यक्ति के पक्ष में विशेषाधिकार के अभाव को दर्शाता है। इसका तात्पर्य देश के अंतर्गत सभी न्यायालयों द्वारा प्रशासित कानून के सामने सभी व्यक्तियों के साथ समान व्यवहार किया जाएगा, चाहे व्यक्ति अमीर हो या गरीब, सरकारी अधिकारी हो या कोई गैर-सरकारी व्यक्ति, कानून से कोई भी ऊपर नहीं है।

❖ कानून का समान संरक्षण' का तात्पर्य कानून द्वारा प्रदत्त विशेषाधिकारों और दायित्वों के संदर्भ में समान परिस्थितियों में समान व्यवहार और सभी व्यक्तियों के लिये एक ही तरह के कानून का एक जैसे अनुप्रयोग से है।

**5 भारतीय संविधान को बनाने में कितना समय लगा?**

(a) 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन

(b) 1 वर्ष 10 माह और 12 दिन

(c) 2 वर्ष 10 माह और 5 दिन

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]**

**उत्तर: (a),** भारत के संविधान के निर्माण में 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन का समय लगा था।

**व्याख्या:** भारतीय संविधान 26 जनवरी, 1950 को अस्तित्व में आया और यह दुनिया का सबसे लंबा संविधान है। संविधान सभा के कुल 11 सत्र हुए, जिनमें 165 दिन बैठकों में गए। 13 दिसंबर, 1946 को जवाहर लाल नेहरू ने संविधान सभा में ''उद्देश्य प्रस्ताव'' पेश किया।

❖ यह एक ऐतिहासिक प्रस्ताव था, जिसमें स्वतंत्र भारत के संविधान के मूल आदर्शों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई थी। इसमें भारत को एक स्वतंत्र सम्प्रभु गणराज्य घोषित किया गया था, नागरिकों को न्याय, समानता व स्वतंत्रता का आश्वासन दिया गया था और यह वचन दिया गया था कि अल्पसंख्यकों, पिछड़े व जनजातीय क्षेत्रों एवं दमित व अन्य पिछड़े वर्गों के लिए पर्याप्त रक्षात्मक प्रावधान किए जाएंगे।

# भारतीय अर्थव्यवस्था

**1. वर्ष 2020-2022 के लिए सबसे कम महिला कार्यबल भागीदारी दर कितने प्रतिशत पर बिहार में दर्ज की गई?**

(a) 7% ग्रामीण क्षेत्रों में और 9.1% शहरी क्षेत्रों में
(b) 4% ग्रामीण क्षेत्रों में और 6.5% शहरी क्षेत्रों में
(c) 6% ग्रामीण क्षेत्रों में और 8.1% शहरी क्षेत्रों में
(d) उपुर्यक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]**

**उत्तर: (b),** वर्ष 2020-2022 के लिए बिहार में महिला कार्यबल भागीदारी में कमी देखी गई है। 2020-22 के दौरान बिहार में महिला कार्यबल भागीदारी ग्रामीण क्षेत्र में 4% और शहरी क्षेत्र में 6.5% दर्ज की गई है।

**2. अधिकतम कर उद्योग किस जिले में हैं?**

(a) किशनगंज (b) दरभंगा
(c) पूर्णिया (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपुर्युक्त में से कोई नहीं

**[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]**

**उत्तर: (a),** इस प्रश्न को आयोग द्वारा रद्द कर दिया गया हैं।

**3. केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 24 नवम्बर, 2021 को प्रकाशित राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण-5 के अनुसार, बिहार के लिंग अनुपात में काफी अच्छा सुधार हुआ है। यह 2015-2016 में______से बढ़कर 2020-2022 में ____हो गया है।**

(a) 1030, 1050 (b) 1062, 1090
(c) 1040, 1070 (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]**

**उत्तर: (b),** 24 नवंबर, 2021 को प्रकाशित राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण-5 के अनुसार बिहार में लिंग अनुपात में वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि 2015-16 में 1062 से 2020-22 में 1,090 हो गया है। सम्पूर्ण भारत में भी लिंगानुपात में वृद्धि दर्ज की गई है तथा NFHS-5 के अनुसार भारत का प्रजनन दर 2.0 है।

**4. बिहार आर्थिक सर्वेक्षण (2021-2022) के अनुसार, 2020-2021 में बिहार के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी. एस. डी. पी.) की वृद्धि दर कितनी रही?**

(a) 2.5% (b) 3%
(c) 2% (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]**

**उत्तर: (a),** बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 के अनुसार 2020-21 में बिहार के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) में 2.5% की वृद्धि दर्ज की गई है।

**5. निम्नलिखित में से कौन-सा एक बिहारी की अर्थव्यवस्था के मामले में सही है?**

(a) अर्थव्यवस्था का व्यावसायिक ढाँचा ऊपर से स्थिर है।
(b) भारत में सबसे कम विकास दर में से एक है, जो 2.5% है।
(c) बिहार में अधिकतर प्राथमिक वस्तुओं का उत्पादन होता है।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]**

**उत्तर: (d),** उपर्युक्त में से कोई भी विकल्प सही नहीं है। बिहार भारत में सर्वाधिक विकास दर दर्शाने वाला राज्य है।

**6. एस.ई.जेड. अधिनियम, 2005 के उद्देश्य क्या हैं?**

**1. अतिरिक्त आर्थिक गतिविधियों का उत्पादन**
**2. वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा**
**3. रोजगार निर्माण**

(a) केवल 1 और 3 (b) 1, 2 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]**

**उत्तर: (b),** विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम वर्ष 2005 में पारित किया गया और वर्ष 2006 में SEZ नियमों के साथ लागू हुआ।

**व्याख्या:** इस अधिनियम का उद्देश्य अतिरिक्त आर्थिक गतिविधियों के लिये वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देना; रोजगार पैदा करने के लिये घरेलू और विदेशी निवेश को बढ़ावा देना। बुनियादी सुविधाओं का विकास करना।

**7. कृषि विपणन प्रणाली में सुधार के लिए भारत सरकार द्वारा अपनाया गया नीतिगत उपाय क्या है?**

(a) सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी.डी.एस.)
(b) न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.)
(c) बफर स्टॉक का रख-रखाव
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]**

**उत्तर: (d),** कृषि विपणन प्रणाली में सुधार हेतु भारत सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य, बफर स्टॉक का रख-रखाव और सार्वजानिक वितरण प्रणाली जैसे नीतिगत उपायों को अपनाया गया है

**व्याख्या:** न्यूनतम समर्थन मूल्य या एमएसपी, किसी फसल के लिए निर्धारित वह न्यूनतम कीमत है, जिस पर सरकार, किसानों से उनकी उपज खरीदती है।

- ऐसे में सरकार जिस भाव पर किसानों से खाद्यान्न खरीदती है, उसे ही न्यूनतम समर्थन मूल्य कहते हैं।
- 'कृषि लागत और मूल्य आयोग' द्वारा सरकार को 22 अधिदिष्ट फसलों (Mandated Crops) के लिये 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (MSP) तथा गन्ने के लिये 'उचित और लाभकारी मूल्य' (FRP) की सिफारिश की जाती है।
- कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है।

# सामान्य विज्ञान

**1. कंकाल के वे हिस्से, जो हडिडयों की तरह सख्त नहीं होते हैं और जो मोड़े जा सकते हैं, वे हैं**

(a) वर्टिब्रे (b) कार्पल्स
(c) कार्टिलेज (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]

**उत्तरः (c),** शरीर में ऊतकों समूह कार्टिलेज कहलाता है। कार्टिलेज की संरचना के अनुसार ये कोलेजन या फिर एलॉस्टिन के बने होते हैं। ये तीन प्रकार के होते हैं– हाइलीन कार्टिलेज, एलास्टिक और फाइब्रो कार्टिलेज

- कार्टिलेज के कई कार्य हैं, जिसमें कंप्रेसिव बलों का विरोध करने की क्षमता, हड्डियों के लचीलेपन को बढ़ाना और हड्डी के उन क्षेत्रों पर सहायता प्रदान करना शामिल है, जहां लचीलेपन की आवश्यकता होती है।

**अस्थिः** यह कठोर होती है। **उपास्थि–** यह लचीली होती है। उपास्थि नरम एवं लचीली हड्डी को कहते हैं। यह नाक कान, मेरुदण्ड के कशेरुओं के बीच पसलियों एवं छाती की हड्डी के बीच में होती है।

**2. लाइकेन में, एक क्लोरोफिल-युक्त पार्टनर,_____एक-साथ रहते हैं।**

(a) शैवाल और कवक (b) कवक और बैक्टीरिया
(c) शैवाल और वायरस (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपुर्यक्त में से कोई नहीं

[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]

**उत्तरः (a),** लाइकेन वायु प्रदूषण के सबसे अच्छे संकेतक है। लाइकेन एक जटिल जीवन रूप है, जो दो अलग-अलग जीवों, एक कवक और एक शैवाल की सहजीवी साझेदारी है। प्रमुख भागीदार कवक है, जो लाइकेन को उसके थैलस के आकार से लेकर उसके फैलने वाले शरीर तक इसकी अधिकांश विशेषताएं प्रदान करता है।

- शैवाल या तो हरा शैवाल या नीला-हरा शैवाल हो सकता है, अन्यथा सायनोबैक्टीरिया के रूप में जाना जाता है। कवक जीवों का एक विविध समूह है, जो पौधों से अलग अपने स्वयं के राज्य (फंगी) में हैं।
- कवक में क्लोरोफिल या अपना भोजन बनाने का कोई अन्य साधन नहीं होता है; इसलिए वे पोषण के लिए अन्य जीवों पर निर्भर होते हैं। शैवाल पौधों और कवक से अलग एक अन्य जगत (प्रोटिस्टा) में हैं। शैवाल कई प्रकार के होते हैंः हरा, भूरा, लाल। वे खारे पानी में और मीठे पानी में अपने दम पर जीवित रह सकते हैं और किसी भी वातावरण में लाइकेन संबंध का हिस्सा हो सकते हैं।
- सायनोबैक्टीरिया को नीला-हरा शैवाल कहा जाता है, वे वास्तव में बैक्टीरिया हैं और बैक्टीरिया साम्राज्य, मोनेरा का हिस्सा हैं। सामान्य नाम में ''नीला'' इस तथ्य को संदर्भित करता है कि उन्हें पानी में रहने की आवश्यकता होती है और ''हरी शैवाल'' उनकी प्रकाश संश्लेषक क्षमताओं को संदर्भित करती है, जैसे हरे शैवाल।

**3. मादा एनोफिलीज को मादा क्यूलेक्स से अलग किया जा सकता है, क्योंकि यह बैठती है**

(a) अधःस्तर की सतह के समकोण पर
(b) अधःस्तर के साथ एक कोण पर
(c) अधःस्तर की सतह के समानांतर
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपुर्युक्त में से कोई नहीं

[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]

**उत्तरः (b),** मादा एनोफिलीज को मादा क्यूलेक्स से अलग किया जा सकता है, क्योंकि यह अधःस्तर के साथ एक कोण पर बैठती है। एनोफिलीज मच्छर अपने शरीर को सतह से 45 डिग्री पर कोण बनाता है। एनोफेलीज मलेरिया परजीवियों को संचरित करता है।

- क्यूलेक्स वेस्ट नाइल वायरस और फाइलेरिया निमेटोडा को संचरित करता है।
- मादा क्यूलेक्स और मादा एनोफिलीज के बीच उनके भक्षण शृंखला, आकार, अंडे और आवास में अंतर होता है। मलेरिया मादा एनोफिलीज नामक संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है।

**4. शरीर की प्रतिरोधक क्षमता से जुड़ा सबसे महत्त्वपूर्ण कोशिका प्रकार है**

(a) आर.बी.सी. (b) प्लेटलेट
(c) लिम्फोसाइट (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]

**उत्तरः (c),** लिम्फोसाइट्स शरीर में मौजूद सफेद रक्त कोशिकाएं होती हैं, जो मानव शरीर में भीतर आने वाले संक्रमणों और वायरस से लड़ने में मदद करता है। जब शरीर में लिम्फोसाइट्स का स्तर कम होता है तो शरीर अपनी प्रतिरोधक क्षमता खो देता है। लिम्फोसाइट्स अस्थि-मज्जा में पाया जाता है। लिम्फोसाइट्स शरीर में मौजूद सफेद रक्त कोशिकाएं होती हैं, जो मानव शरीर में भीतर आने वाले संक्रमणों और वायरस से लड़ने में मदद करता है। प्लेटलेट्स (थ्रोम्बोसाइट्स) रंगहीन रक्त सेल होते हैं, जो रक्त का थक्का बनने में सहायता करते हैं। लाल रक्त कोशिका रक्त की सबसे प्रमुख कोशिका है। और संख्या में सबसे बड़ी है, यह पूरे रूधिर का 40% भाग होता है। यह रीढ़धारी जन्तुओं के श्वसन अंगों से आक्सीजन लेकर उसे शरीर के विभिन्न अंगों की कोशिकाओं तक पहुंचाने का सबसे सहज और व्याप्त माध्यम है। इस कोशिका में केन्द्रक नहीं होता है।

**5. मानव शरीर की मांसपेशियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**

(a) मांसपेशियाँ केवल हड्डी को धक्का दे सकती हैं।
(b) मांसपेशियाँ जोड़े में काम करती हैं।
(c) सिकुड़ने परद मांसपेशियाँ छोटी, सख्त और मोटी हो जाती हैं।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]

# राज्य विशेष

1. **नमक सत्याग्रह के दौरान बिहार के लोगों ने नमक बनाने के साथ-साथ सरकार के विरुद्ध किस कर का विरोध करने का विकल्प चुना?**
   (a) मलबा (b) हाथी
   (c) विकास (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]

**उत्तर: (e),** नमक सत्याग्रह के दौरान, बिहार में उपर्युक्त में से किसी कर के विरोध में आंदोलन नहीं किया गया। बिहार में नमक सत्याग्रह का आरंभ 15 अप्रैल, 1930 को सारण और चम्पारण में आरंभ हुआ था। नमक सत्याग्रह के दौरान बिहार में चौकीदारी कर के विरोध में आंदोलन किया था तथा इसी आन्दोलन के दौरान नंगी हड़ताल किया गया था।

2. **श्रीकृष्ण सिंह द्वारा गठित बिहार की निर्वाचित सरकार ने फरवरी 1938 में किस कारण से इस्तीफा दे दिया था?**
   (a) गाँधीजी द्वारा ब्रिटिश के विरुद्ध सत्याग्रह आंदोलन के कारण
   (b) भारत की आजादी के आंदोलन में भाग लेने के कारण
   (c) राजनीतिक कैदियों को छोड़ने के कारण
   (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (c),** श्रीकृष्ण सिंह के द्वारा गठित बिहार की निर्वाचित सरकार ने फरवरी 1938 में राजनीतिक कैदियों को छोड़ने के मुद्दे पर इस्तीफा दे दिया था। 1937 में पहले कांगेसी मंत्रिमंडल के गठन के पश्चात श्रीकृष्ण सिंह ने राजनैतिक कैदियों की रिहाई की मांग की थी।

3. **किसने चंपारण सत्याग्रह के दौरान बिहार में गाँधीजी की जान बचाई थी?**
   (a) रवीन्द्र पाठक (b) बतक मियाँ
   (c) हामिद अंसारी (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]

**उत्तर: (b),** चम्पारण आंदोलन के दौरान बतक मियाँ ने गांधी जी की जान बचाई थी। बतक मियाँ मोतीहारी मीलकोठी में खानसामा का कार्य करते थे। बतक मियाँ ने गांधी जी को जहर भरा दूध पिलाने से इंकार कर दिया था।

4. **असहयोग आंदोलन के दौरान किसने बिहार में किसानों की अगुवाई की?**
   (a) श्रीकृष्ण सिंह (b) स्वामी विद्यानंद
   (c) राज कुमार शुक्ल (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]

**उत्तर: (b),** बिहार में असहयोग आंदोलन के प्रमुख नेता स्वामी विद्यानंद थे। चम्पारण सत्याग्रह के बाद बिहार में किसानों का सबसे बड़ा और संगठित संघर्ष दरभंगा के जमींदार के विरुद्ध स्वामी विद्यानंद के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ था।

❖ अगस्त 1920 में, बिहार कांग्रेस ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक की और असहयोग प्रस्ताव पारित किया, जिसे धरणीधर प्रसाद और शाह मोहम्मद जुबैर ने पेश किया था।

❖ असहयोग आन्दोलन के दौरान बिहार में कृषकों का नेतृत्व स्वामी विद्यानंद ने किया था।

❖ स्वामी विद्यानंद गांधीजी के चम्पारण सत्याग्रह से अत्यधिक प्रभावित थे तथा उन्होंने असहयोग आन्दोलन के दौरान वर्ष 1920-22 में किसानों के समर्थन में दरभंगा में 'महाराजा दरभंगा' के विरुद्ध आन्दोलन चलाया था।

5. **स्वराज दल की स्थापना बिहार में किसने की थी?**
   (a) बंकिम चंद्र मित्र (b) श्रीकृष्ण सिंह
   (c) रामलाल शाह (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]

**उत्तर: (b),** बिहार में स्वराज दल की स्थापना श्रीकृष्ण सिंह के द्वारा की गई थी। राष्ट्रीय स्तर पर 1923 में 1922 के गया अधिवेशन के पश्चात इस दल की स्थापना मोतीलाल नेहरू तथा चित्तरंजन दास के द्वारा किया गया था। बिहार में स्वराज दल के पहले अध्यक्ष नारायण प्रसाद तथा सचिव अब्दुल बारी थे।

6. **बिहार का सबसे पुराना गिरजाघर कौन-सा है?**
   (a) पादरी की हवेली
   (b) ल्यूक चर्च
   (c) स्टीफेन चर्च
   (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]

**उत्तर: (a),** बिहार का सबसे पुराना गिरजाघर पादरी की हवेली है। पादरी की हवेली पटना में स्थित है।

❖ इस हवेली का दूसरा नाम सेन्ट मैरी चर्च है। इसका निर्माण 1713 में हुआ था। इसका निर्माण ट्रीटो नामक वास्तुकार ने किया था।

7. **दिवंगत अभिनेता कुमुदलाल गांगुली, जिन्हें उनके मंचीय नाम अशोक कुमार से भी जाना जाता है, का जन्म बिहार के निम्नलिखित में से किस शहर में हुआ था?**
   (a) पटना (b) मुंगेर
   (c) भागलपुर (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

[ 68वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा ]

**उत्तर: (c),** अशोक कुमार का जन्म 13 अक्टूबर, 1911, को भागलपुर, बिहार में तथा निधन 10 दिसंबर, 2000 हो हुआ था। अशोक कुमार हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता, निर्माता-निर्देशक थे। अशोक कुमार को सन् 1999 में भारत सरकार ने कला के क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया था।

❖ हिन्दी सिनेमा के युगपुरुष कुमुद कुमार गांगुली उर्फ अशोक कुमार को ऐसे अभिनेता के रूप में याद किया जाता है। 1988 दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# 01 भारतीय इतिहास

## प्राचीन भारत

### प्रागैतिहासिक काल

**प्रश्न: प्रथम मानव जीवाश्म भारत की किस नदी घाटी से प्राप्त हुआ था?**

(a) गंगा घाटी (b) यमुना घाटी
(c) नर्मदा घाटी (d) ताप्ती घाटी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी ( री एक्जाम ) प्रा. परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (c),** प्रथम मानव जीवाश्म की प्राप्ति भारत में मध्यप्रदेश के नर्मदा घाटी से हुई है। नर्मदा घाटी को विश्व की सबसे प्राचीन घाटियों में माना जाता है।

- यहां भीमबैठका, भेड़ाघाट, नेमावर, हरदा, ओंकारेश्वर, महेश्वर, होशंगाबाद, बावनगजा, अंगारेश्वर, शूलपाणी आदि नर्मदा तट के प्राचीन स्थान हैं।
- भीमबेटका (भीमबैठका) भारत के मध्यप्रदेश प्रांत के रायसेन जिले में स्थित एक पुरापाषाणिक आवासीय पुरास्थल है। यह आदिमानव द्वारा बनाए गए शैलचित्रों और शैलाश्रयों के लिए प्रसिद्ध है। इन चित्रों को पुरापाषाण काल से मध्यपाषाण काल के समय का माना जाता है।
- नर्मदा घाटी में डायनासोर के अंडे भी पाए गए हैं और यहां कई विशालकाय प्रजातियों के कंकाल भी मिले हैं। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में तो कई गुफाएं हैं। एक गुफा में 10 हजार वर्ष पुराने शैलचित्र मिले हैं।

---

**प्रश्न: भारत में पशुपालन एवं कृषि के प्राचीनतम साक्ष्य प्राप्त हुए हैं**

(a) अंजिरा से (b) दम्ब सदात से
(c) किली गुल मोहम्मद से (d) मेहरगढ़ से
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**64वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2018**

**उत्तर: (d),** मेहरगढ़ भारतीय उपमहाद्वीप की पुरानी कृषि बस्ती है। सर्वप्रथम यहीं पर कृषि एवं पशुपालन के साक्ष्य प्राप्त हुए, पालतु जानवरों में मवेशी, भेड़, बकरी, भैंस, जबकि खेती किए गए पौधों में गेहूं, जौ की कई किस्में, मेहरगढ़ से प्राप्त हुए है। यह एक नवपाषाणकालिक स्थल है।

---

**प्रश्न: निम्नलिखित में से किसको चालकोलिथिक युग भी कहा जाता है?**

(a) पुरापाषाण युग (b) नवपाषाण युग
(c) ताम्रपाषाण युग (d) लौह युग

**44वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2000-01**

**उत्तर: (c),** जिस काल में मनुष्य ने पत्थर और तांबे के औजारों का साथ-साथ प्रयोग किया उस काल को ताम्र पाषाणिक काल कहते हैं। ताम्र पाषाणिक युग को ही चालकोलिथिक युग के नाम से जाना जाता है।

### सिंधु घाटी सभ्यता

**प्रश्न: निम्न में से किस हड़प्पा नगर में जुते हुए खेतों के निशान मिले हैं?**

(a) कालीबंगन (b) धौलावीरा
(c) मोहनजोदड़ो (d) लोथल
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (a),** कालीबंगा राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले का एक प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्थल है। यहाँ सिंधु घाटी सभ्यता के महत्वपूर्ण अवशेष मिले हैं। कालीबंगा एक छोटा नगर था।

- यहाँ एक दुर्ग मिला है। प्राचीन द्रषद्वती और सरस्वती नदी घाटी वर्तमान में घग्गर नदी का क्षेत्र में सैन्धव सभ्यता से भी प्राचीन कालीबंगा की सभ्यता पल्लवित और पुष्पित हुई। कालीबंगा 4000 ईसा पूर्व से भी अधिक प्राचीन मानी जाती है।
- सर्वप्रथम 1952 ई में अमलानन्द घोष ने इसकी खोज की। बी.के थापर व बी.बी लाल ने 1961-69 में यहां उत्खनन का कार्य किया।
- यहाँ विश्व का सर्वप्रथम जोता हुआ खेत मिला है और 2900 ईसापूर्व तक यहाँ एक विकसित नगर था।
- कालीबंगा सिंधु भाषा का शब्द है जो काली+बंगा (काले रंग की चूड़ियां) से बना है। काली का अर्थ काले रंग से तथा बंगा का अर्थ चूड़ीयों से है।

---

**प्रश्न: निम्न कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?**

I. हड़प्पा का उत्खनन 1921 में किया गया था।
II. वर्तमान में, हड़प्पा पाकिस्तान में है।
III. हड़प्पा ब्यास नदी के किनारे था।
IV. हड़प्पा के उत्खननकर्ता आर. डी. बनर्जी थे।
V. छत्र वाला ताम्र-रथ हड़प्पा से मिला है।

(a) केवल I और II
(b) केवल I, II और V
(c) केवल II और IV
(d) केवल I, II, III और IV
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**65वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2019**

**उत्तर: (a),** हड़प्पा पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मोंटगोमरी जिले में रावी नदी के तट पर स्थित है जिसका उत्खनन दयाराम साहनी द्वारा 1921 में किया गया था जबकि हड़प्पाकालीन ताम्र रथ दैमाबाद से प्राप्त हुआ है। यह पुरास्थल महाराष्ट्र प्रांत में स्थित है।

- ज्ञात हो की भारतीय पुरातत्त्व विभाग के तत्कालीन डायरेक्टर जनरल जॉन मार्शल ने सन 1924 में सिंधु घाटी में एक नई सभ्यता की खोज की घोषणा की थी।

# 02 भारत एवं विश्व का भूगोल

## भौतिक भूगोल

### भारत एवं विश्व की भौगोलिक स्थिति

**प्रश्न: भौगोलिक क्षेत्र की दृष्टि से भारत के निम्न जिलों में से कौन-सा जिला सबसे बड़ा है?**

(a) लेह (b) कच्छ
(c) जैसलमेर (d) बाड़मेर
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (b),** कच्छ जिला भारत के गुजरात राज्य का एक जिला है। जिले का मुख्यालय भुज है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह भारत का सबसे बड़ा जिला है, जिसका क्षेत्रफल 45,674 वर्ग किमी. है। प्राचीन महानगर धोलावीरा, जहाँ पुरातन सिन्धु संस्कृति विकसित हुई थी, कच्छ जिलें में स्थित है। कच्छ में प्राय: कच्छी भाषा, सिंधी भाषा व गुजराती भाषा का प्रयोग होता है।

- कच्छ जिले को दस तालुकाओं में विभाजित किया गया है: अबडासा (अडासा-नालिया), अंजार, भचाऊ, भुज, गांधीधाम, लखपत, मांडवी, मुंद्रा, नखत्राणा और रापर।

---

**प्रश्न: निम्न में से किस महाद्वीप में सबसे अधिक देश हैं?**

(a) यूरोप (b) एशिया
(c) अफ्रीका (d) उत्तरी अमेरिका
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (c),** अफ्रीका महाद्वीप में सबसे अधिक 54 देश हैं। पृथ्वी 71% जल और 29% स्थल से मिलकर बनी है। पृथ्वी का स्थल भाग कई छोटे और बड़े द्वीपों में बटां हुआ है। बड़े द्वीपों को महाद्वीप कहा जाता है।

- इस महाद्वीप में विशाल मरुस्थल, अत्यन्त सघन वन, विस्तृत घास के मैदान, बड़ी-बड़ी नदियाँ व झीलें तथा विचित्र जंगली जानवर हैं। मुख्य मध्याह्न रेखा (0°) अफ्रीका महाद्वीप के घाना देश की राजधानी अक्रा शहर से होकर गुजरती है। यहाँ सेरेनगेती और क्रुजर राष्ट्रीय उद्यान है।
- युगांडा, तंजानिया और केन्या की सीमा पर स्थित विक्टोरिया झील अफ्रीका की सबसे बड़ी तथा सम्पूर्ण पृथ्वी पर मीठे पानी की दूसरी सबसे बड़ी झील है। यह झील विश्व की सबसे लम्बी नदी नील के पानी का मुख्य स्रोत है।

**प्रश्न: भौगोलिक क्षेत्र की दृष्टि से जापान का सबसे बड़ा द्वीप है**

(a) होकैडो (b) होंशु
(c) शिकोक (d) क्युशु
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (b),** होन्शू जापान का सबसे बड़ा द्वीप है। यह त्सुगारु जलडमरू के पार होक्काइदो द्वीप से दक्षिण में, सेतो भीतरी सागर के पार शिकोकू द्वीप के उत्तर में और कानमोन जलडमरू के पार क्यूशू द्वीप से पूर्वोत्तर में स्थित है। होन्शू दुनिया का सातवां सबसे बड़ा द्वीप है और इंडोनीशिया के जावा द्वीप के बाद विश्व का दूसरा सर्वाधिक जनसँख्या वाला द्वीप भी है। जापान की राजधानी टोक्यो होन्शु के मध्य-पूर्व में स्थित है। इसका क्षेत्रफल 2,27,962 वर्ग किमी है, जो ब्रिटेन से बड़ा है और भारत के उत्तर प्रदेश राज्य से छोटा है।

---

**प्रश्न: ग्रीनलैंड निम्न देशों में से किस देश का भाग है?**

(a) डेनमार्क (b) फिनलैंड
(c) कनाडा (d) युनाइटेड किंगडम
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (a),** ग्रीनलैंड (लोगों की भूमि) डेनमार्क राजशाही के अधीन एक स्वायत्त घटक देश है, जो आर्कटिक और अटलांटिक महासागर के बीच कनाडा आर्कटिक द्वीपसमूह के पूर्व में स्थित है। हालांकि भौगोलिक रूप से यह उत्तरी अमेरिका महाद्वीप का एक हिस्सा है, लेकिन 18वीं सदी के बाद से यूरोप (खास तौर पर डेनमार्क) से राजनीतिक रूप से जुड़ा हुआ है।

- 1979 में डेनमार्क ने ग्रीनलैंड को स्वशासन प्रदान किया और 2008 में ग्रीनलैंड ने स्थानीय सरकार को अधिक दक्षता हस्तांतरण के पक्ष में मत दिया। इसके साथ ही डैनिश शाही सरकार केवल विदेशी मामलों, सुरक्षा और आर्थिक नीति तक ही सीमित रह गई।
- ग्रीनलैंड क्षेत्रफल के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप है, जो अपने आप में एक महाद्वीप नहीं है। इसके अलावा यह दुनिया का सबसे विरल जनसंख्या वाला देश है। लेकिन 1950 के दशक के बाद से वैज्ञानिकों की यह परिकल्पना है कि यह देश वास्तव में तीन अलग-अलग द्वीपों से बना है, जो ग्लेशियर के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। ग्रीनलैंड ऑस्ट्रेलिया और अंटार्कटिका को छोड़कर दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप है, जो महाद्वीप नहीं हैं।

---

**प्रश्न: निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में प्रवाल-भित्ति नहीं पाई जाती है?**

(a) कैम्बे की खाड़ी (b) मन्नार की खाड़ी
(c) कच्छ की खाड़ी (d) लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**65वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2019**

**उत्तर: (a),** भारत में प्रवाल भित्ति मुख्यत: 4 क्षेत्रों में पाई जाती हैं-

- अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (सर्वाधिक)
- कच्छ की खाड़ी (सबसे कम)
- मन्नार की खाड़ी
- लक्षद्वीप
- इन क्षेत्रों के अलावा तरकरली, अंग्रिया (Angria Bank) विजयदुर्ग (महाराष्ट्र), नेटरानी द्वीप (कर्नाटक) आदि में पाई जाती हैं। कैम्बे की खाड़ी दक्षिणी गुजरात में अवस्थित है।

# 03 पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**प्रश्नः निम्नलिखित में से किस राज्य में सर्वाधिक क्षेत्र वनों के अंतर्गत पाया जाता है?**

(a) हिमाचल प्रदेश (b) असम

(c) आंध्र प्रदेश (d) अरुणाचल प्रदेश

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**63वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2018**

**उत्तरः (d),** वन रिपोर्ट, 2017 के अनुसार सर्वाधिक वन क्षेत्र वाले तीन प्रमुख राज्य- मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ था। जबकि भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2019 के अनुसार देश का कुल वनावरण 7,12,249 वर्ग कि.मी. है, जो कि देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 21.67 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार देश में मध्यप्रदेश में सबसे अधिक वनावरण है उसके बाद अरूणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र आते हैं। कुल भौगोलिक क्षेत्र के प्रतिशत के अनुसार शीर्ष पांच राज्य है मिज़ोरम (85.41 प्रतिशत), अरूणाचल प्रदेश (79.63 प्रतिशत), मेघालय (76.33 प्रतिशत), मणिपुर (75.46 प्रतिशत) और नागालैंड (75.31 प्रतिशत) यह सभी देश के उत्तर पूर्व क्षेत्र में हैं।

**प्रश्नः जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र संघ का कन्वेंशन ढांचा किससे संबंधित है?**

(a) जीवाश्म ईंधन के उपयोग में कमी

(b) कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) उत्सर्जन में कमी

(c) यूरेनियम उत्पादन में कमी

(d) ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी

(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

**60-62वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2017**

**उत्तरः (d),** संयुक्त राष्ट्र संघ का कन्वेंशन ढांचा ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी के प्रति वैश्विक जवाबदेही को दर्शाता है।

**प्रश्नः भारत में प्रति व्यक्ति वन का क्षेत्र (औसत हेक्टेयर में) कितना है?**

(a) 0.23 (b) 0.34

(c) 0.20 (d) 0.29

**56-59वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2015**

**उत्तरः (*),** भारत में प्रति वन उपलब्धता 0.08 हेक्टेयर है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह 0.64 हेक्टेयर है। (सही विकल्प उपलब्ध नहीं है)

**प्रश्नः पर्यावरण किससे बनता है?**

(a) जीवीय घटकों से (b) भू-आकृतिक घटकों से

(c) अजैव घटकों से (d) उपर्युक्त सभी

**53-55वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2011**

**उत्तरः (d),** पर्यावरण प्राकृतिक एवं मानव-निर्मित परिघटनाओं का मिश्रण है। प्राकृतिक पर्यावरण में पृथ्वी पर पाई जाने वाली जीवीय एवं अजीवीय दोनों परिस्थितियाँ सम्मिलित हैं, जबकि मानवीय पर्यावरण में मानव की परस्पर क्रियाएँ, उनकी गतिविधियाँ एवं उनके द्वारा बनाई गई रचनाएँ सम्मिलित हैं। भूमि, जल, वायु, पेड़-पौधे एवं जीव-जंतु मिलकर प्राकृतिक पर्यावरण बनाते हैं।

**प्रश्नः राष्ट्रीय पर्यावरण शोध संस्थान स्थित है-**

(a) बंगलौर में (b) छोटा नागपुर में

(c) देहरादून में (d) नागपुर में

**43वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 1999**

**उत्तरः (d),** राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (NEERI नीरी) सीएसआईआर का एक उपक्रम है। यह नागपुर में स्थित है। यह पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरी से सम्बन्धित अनुसंधान एवं व्यावहारिक सुझाव देता है।

**प्रश्नः प्रसिद्ध पर्यावरण विशेषज्ञ सुन्दरलाल बहुगुणा किस काम के लिए जाने जाते हैं?**

(a) चिपको आन्दोलन (b) नर्मदा बचाओ

(c) सत्याग्रह (d) भ्रष्टाचार-विरोधी

**42वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 1997-98**

**उत्तरः (a),** सुन्दरलाल बहुगुणा ने हिमालय की ढलानों पर वृक्षों की रक्षा के लिए चिपको आंदोलन की शुरूआत की। इसके अलावा इन्हें चिपको का नारा 'पारिस्थितिकी स्थायी अर्थव्यवस्था है' गढ़ने के लिए जाना जाता है। चिपको आंदोलन वर्ष 1973 में उत्तर प्रदेश (वर्तमान में उत्तराखंड) में शुरू हुआ था।

**प्रश्नः पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए न्यूनतम वन आवरण अनिवार्य है-**

(a) संपूर्ण भूमि का 25% (b) संपूर्ण भूमि का 50%

(c) संपूर्ण भूमि का 40% (d) संपूर्ण भूमि का 33%

**40वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 1995**

**उत्तरः (d),** पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए भारत की राष्ट्रीय वन नीति, 1988 में वन तथा वृक्षावरण के अर्न्तगत देश के 33 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र को प्राप्त करने के लक्ष्य की परिकल्पना की गई है। 1999 के बाद से देश के वनावरण का वाल-टू-वाल मानचित्रण भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के उपग्रहों की रिसोर्ससेट श्रृंखला के स्वदेशी लिस-III सेंसर के आँकड़ों पर आधारित है। वर्तमान चक्र में, नवीनतम लिस-III सेंसर आनबोर्ड रिसोर्ससेट-2 उपग्रह के आंकड़ों का उपयोग किया गया है।

**प्रश्नः 'ग्रीन पीस' क्या है?**

(a) एक कृषि संबंधित संस्था

(b) एक अंतर्राष्ट्रीय शांति सेना

(c) पर्यावरण समर्थकों का एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**40वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 1995**

04

# भारतीय राजव्यवस्था

## भारत का संवैधानिक विकास

**प्रश्नः किस अधिनियम के बारे में जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि "हमें एक ऐसी कार दी गई थी जिसमें सिर्फ ब्रेक थे किन्तु इंजन नहीं था"?**

(a) 1858 का अधिनियम (b) 1909 का अधिनियम
(c) 1919 का अधिनियम (d) 1935 का अधिनियम
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तरः (d),** जवाहर लाल नेहरु ने 1935 के अधिनियम के संबंध में कहा था की हमें एक ऐसी कार दी गई थी जिसमें सिर्फ ब्रेक थे किन्तु इंजन नहीं था।

**अधिनियम के प्रावधान**

- इस अधिनियम ने द्वैध शासन प्रणाली को समाप्त किया।
- प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली की स्थापना की और मत देने के अधिकार का विस्तार कर कुल 35 मिलियन लोगों को मत देने का अधिकार प्रदान किया गया।; प्रान्तों को भी आंशिक रूप से पुनर्संगठित किया गया था।
- सिंध प्रान्त को बम्बई से अलग कर दिया गया।
- बिहार एवं उड़ीसा प्रांत को बिहार और उड़ीसा नाम के दो अलग-अलग प्रान्तों में बाँट दिया गया।
- बर्मा को भारत से पूर्णतः अलग कर दिया गया।
- अदन को भी भारत से अलग कर एक स्वतंत्र उपनिवेश बना दिया।
- प्रांतीय सदनों की सदस्यता में भी बदलाव किया गया ताकि और अधिक निर्वाचित भारतीय प्रतिनिधियों को उसमें शामिल किया जा सके। अब ये भारतीय सदस्य बहुमत प्राप्त कर सरकार भी बना सकते थे।
- संघीय न्यायालय की स्थापना की गयी।

---

**प्रश्नः ब्रिटिश शासनकाल में संविधान के विकास में कौन-सा कानून ऐतिहासिक नहीं था?**

(a) रेग्युलेटिंग ऐक्ट, 1773
(b) चार्टर ऐक्ट, 1833
(c) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट, 1919
(d) प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स ऐक्ट, 1995
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तरः (d),** नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 (The Protection of Civil Rights Act, 1955): इस कानून के माध्यम से किसी भी रूप में अस्पृश्यता अर्थात् छुआछूत का आचरण करने वाले को दंड देने का प्रावधान करता है। वर्ष 1955 में अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम, 1955 बनाया गया था।

- यह अधिनियम 1 जून, 1955 से प्रभावी हुआ था, लेकिन अप्रैल 1965 में गठित 'इलायापेरूमल समिति' की अनुशंसाओं के आधार पर 1976 में इसमें व्यापक संशोधन किये गए तथा इसका नाम बदलकर नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 (Protection of Civil Rights Act, 1955) कर दिया गया था।
- यह संशोधित अधिनियम 19 नवंबर, 1976 से प्रभावी हुआ और यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 के अस्पृश्यता उन्मूलन संबंधी प्रावधानों के अनुरूप है।

---

**प्रश्नः भारतीय संविधान दिवस मनाया जाता है**

(a) 26 अक्टूबर (b) 26 नवंबर
(c) 26 जनवरी (d) 15 अगस्त
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

**60-62वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2017**

**उत्तरः (b),** भारत का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है जो संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को पारित हुआ तथा 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ। यह दिन (26 नवम्बर) भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है जबकि 26 जनवरी का दिन भारत में गणतन्त्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।

- भीमराव आम्बेडकर को भारतीय संविधान का प्रधान वास्तुकार या निर्माता कहा जाता है। भारत का संविधान विश्व के किसी भी गणतांत्रिक देश का सबसे लंबा लिखित संविधान है।
- संविधान सभा की पहली बैठक दिसंबर 1946 को हुई थी। भारतीय संविधान में वर्तमान समय में भी केवल 470 अनुच्छेद, तथा 12 अनुसूचियां हैं और ये 25 भागों में विभाजित है। परन्तु इसके निर्माण के समय मूल संविधान में 395 अनुच्छेद जो 22 भागों में विभाजित थे इसमें केवल 8 अनुसूचियां थीं।

---

**प्रश्नः भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में इनमें से कौन सर्वोच्च है?**

(a) सर्वोच्च न्यायालय (b) संविधान
(c) संसद (d) धर्म

**45वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2002**

**उत्तरः (b),** भारतीय संविधान देश का सर्वोच्च मौलिक कानून है। शासन के सभी अंग संविधान से ही शक्तियां प्राप्त करते हैं। भारत का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है जो संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर, 1949 को पारित हुआ तथा 26 जनवरी, 1950 से प्रभावी हुआ। यह दिन (26 नवम्बर) भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है जबकि 26 जनवरी का दिन भारत में गणतन्त्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।

---

## संविधान का निर्माण

**प्रश्नः भारतीय संविधान की प्रकृति क्या है?**

(a) संघीय
(b) एकात्मक
(c) संसदीय
(d) प्रकृति में संघीय किन्तु भावना में एकात्मक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**63वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2018**

05

# भारतीय अर्थव्यवस्था

## परिचय एवं संबंधित अवधारणाएं

**प्रश्नः निम्नलिखित में से कौन-सी एक सकल घरेलू उत्पाद ( जी.डी.पी. ) गणना करने की विधि नहीं है?**

(a) उत्पाद विधि (b) हासमान लागत विधि
(c) आय विधि (d) व्यय विधि
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी ( री एक्जाम ) प्रा. परीक्षा, 2020**

**उत्तरः (b),** सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी की गणना करने हेतु उत्पाद विधि, आय विधि तथा व्यय विधि का उपयोग किया जाता है परन्तु ह्रासमान लागत विधि का उपयोग नहीं किया जाता है।

- उत्पाद विधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के वार्षिक मूल्य की गणना की जाती है जबकि व्यय विधि मांग पक्ष को दृष्टिगत रखती है। इस विधि में प्रत्येक फर्म द्वारा प्राप्त अंतिम व्ययों का योग प्राप्त किया जाता है,अंतिम व्यय, व्यय का वह अंश है जिसे मध्यवर्ती उदेश्यों से ग्रहण नहीं किया जाता है। आय विधि के अंतर्गत अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र के विभिन्न उधमो या संगठनों के कर्मचारी को दिया गया पारिश्रमिक या क्षतिपूरक आय, प्रचालन अधिशेष, मिश्रित आय को जोड़कर मूल्य वर्धन ज्ञात किया जाता है।

**प्रश्नः भारत में राष्ट्रीय आय की गणना में एक समस्या है**

(a) अल्प-रोजगार (b) मुद्रास्फीति
(c) बचत का निम्न स्तर (d) असंगठित क्षेत्र
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**63वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2018**

**उत्तरः (d),** भारत में राष्ट्रीय आय की गणना राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) द्वारा की जाती है। असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों की संख्या अधिक होने के कारण लोगों के आय में काफी असमानता मिलती है। इसके अतिरिक्त इससे संबंधित उपयुक्त जानकारी के अभाव राष्ट्रीय आय की गणना को और जटिल बना देता है।

**प्रश्नः शिशु मृत्यु दर क्या है?**

(a) हर 1000 जीवित जन्मों में से अपने पांचवें जन्मदिन से पहले मरने वाले बच्चों की संख्या का अनुपात
(b) हर 1000 जीवित जन्मों में से अपने पहले जन्मदिन से पहले मरने वाले बच्चों की संख्या का अनुपात
(c) हर 100 जीवित जन्मों में से अपने पांचवें जन्मदिन से पहले मरने वाले बच्चों की संख्या का अनुपात
(d) हर 100 जीवित जन्मों में से अपने पहले जन्मदिन से पहले मरने वाले बच्चों की संख्या का अनुपात

**56-59वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2015**

**उत्तरः (b),** शिशु मृत्यु दर 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु है। जिसे प्रति 1000 जन्म पर एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु की कुल संख्या से दर्शाया जाता है।

- 10 मई, 2020 को भारत के रजिस्ट्रार जनरल (Registrar General of India) द्वारा 'नमूना पंजीकरण प्रणाली' (Sample Registration System) बुलेटिन जारी किया गया है। यह वर्ष 2018 के लिये राष्ट्रीय जन्म दर, मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर के एकत्रित आँकड़ों पर आधारित है।

**प्रश्नः भारत में किस तरह की अर्थव्यवस्था है?**

(a) समाजवादी (b) गाँधीवादी
(c) मिश्रित (d) स्वतंत्र

**53-55वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2011**

**उत्तरः (c),** मिश्रित अर्थव्यवस्था का अर्थ निजी क्षेत्र तथा सार्वजनिक क्षेत्र का सहअस्तित्व है। भारत ने अपने स्वातंत्र्योत्तर विकास काल में मिश्रित अर्थव्यवस्था को अपनाया है ताकि इसका समाजवादी लक्ष्य पूरा हो सके।

**प्रश्नः यह सत्य होगा कि भारत को परिभाषित किया जाय-**

(a) एक खाद्य की कमी वाली अर्थव्यवस्था के रूप में
(b) एक श्रम-आधिक्य वाली अर्थव्यवस्था के रूप में
(c) एक व्यापार-आधिक्य वाली अर्थव्यवस्था के रूपमें
(d) एक पूँजी-आधिक्य वाली अर्थव्यवस्था के रूप में

**48-52वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2007-08**

**उत्तरः (b),** भारत की प्रत्येक दशक में जनसंख्या में लगभग 21% की वृद्धि हो जाती है। मतलब प्रत्येक वर्ष जनसंख्या में 1.71 करोड़ की वृद्धि और यह भारत को एक श्रम अधिक्य वाली अर्थव्यवस्था के रूप में परिभाषित करता है।

**प्रश्नः 'भारत के आर्थिक सुधार का जनक' किसे कहा जाता है?**

(a) जवाहर लाल नेहरू (b) इन्दिरा गाँधी
(c) मनमोहन सिंह (d) पी.वी. नरसिम्हा राव

**47वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2004-05**

**उत्तरः (c),** डॉ. मनमोहन सिंह को भारत में आर्थिक सुधार का जनक कहा जाता है। 1991 ई. के नरसिंम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री रहते हुए आर्थिक नियोजन में उदारीकरण का सुत्रपात किया परिणामस्वरूप भारत आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई।

**प्रश्नः जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था विकसित होती है, राष्ट्रीय आय में तृतीयक क्षेत्र (Tertiary sector) का अंश-**

(a) पहले घटता है, तत्पश्चात् बढ़ता है
(b) पहले बढ़ता है, तत्पश्चात् घटता है
(c) बढ़ता जाता है
(d) स्थिर रहता है

**47वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2004-05**

**उत्तरः (c),** विकसित होते अर्थव्यवस्था का सूचक राष्ट्रीय आय में तृतीयक क्षेत्रक यानी सेवा क्षेत्रक का बढ़ना है।

- अर्थव्यवस्था के तृतीयक क्षेत्र (tertiary sector of economy) को 'सेवा क्षेत्र' (service sector) भी कहते हैं। अर्थव्यवस्था के अन्य दो क्षेत्र 'प्राथमिक क्षेत्र' (कृषि, पशुपालन, मछली पालन आदि)

06

# सामान्य विज्ञान

## जीव विज्ञान

**प्रश्नः विटामिन, जो रक्त के थक्के बनाने में प्रभावी होता है, है**

(a) विटामिन A (b) विटामिन B
(c) विटामिन C (d) विटामिन D
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तरः (e),** विटामिन K वसा में विलेय विटामिन हैं, जो मानव द्वारा कुछ प्रकार के प्रोटीनों का संश्लेषण करने के लिये जरूरी होता है। विटामिन K की कमी से 'रक्त का थक्का नहीं जमता है।

- हरी सब्जियां जैसे कि पालक, करेला, चुकंदर, ब्रोकली, सेलेरी, खीरे, पत्तागोभी, मटर और बींस में विटामिन भरपूर मात्रा में होता है। अंडे, मछली, डेयरी प्रोडक्ट्स, ऑलिव ऑयल, कैनोला ऑयल और सोयाबीन ऑयल में भी विटामिन K उच्च मात्रा में होता है।
- विटमिन -K अपने आप में कई भागों में बंटा होता है और हमें इनकी प्राप्ति अलग-अलग चीजों से होती है। जैसे विटमिन -K1 को फाइलोक्विनोन नाम से भी जाना जाता है। प्लांट्स ही इसकी प्राप्ति का मुख्य आधार हैं। वहीं इसका दूसरा रूप है विटमिन-K2 यह हमें एनिमल्स बेस्ड प्रॉडक्ट्स और फर्मेंडेट फूड्स से मिलता है।

---

**प्रश्नः महिला सेक्स हॉर्मोन है**

(a) एस्ड्रोजन (b) ऐन्ड्रोजन
(c) इन्सुलिन (d) ऑक्सीटोसिन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तरः (a),** एस्ड्रोजन महिला सेक्स हार्मोन है, जो कि अंडाशय द्वारा उत्पन्न होता है। यह वसा कोशिकाओं और अधिवृक्क ग्रंथि द्वारा निर्मित है। यह प्रजनन, मासिक धर्म चक्र और रजोनिवृत्ति (menopause) के लिए जिम्मेदार है। महिला शरीर में जब एस्ट्रोजन ज्यादा स्रावित होता है, तो ब्रेस्ट कैंसर, गर्भाशय कैंसर, अवसाद, मनोदशा आदि का खतरा बढ़ जाता है। यदि एस्ट्रोजेन महिला शरीर में कम स्रावित होता है तो मुँहासे, त्वचा के घावों, हल्की त्वचा, बालों का झड़ना आदि की संभावना बढ़ जाती है।

---

**प्रश्नः पार्किन्सन बीमारी के उपचार के विकास के लिये किसको नोबेल पुरस्कार दिया गया?**

(a) आर्वीड कार्लसन (b) जॉन एफ. एंडर्स
(c) रॉबर्ट बी. लफलीन (d) वाल्टर कोहन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तरः (a),** पार्किंसन रोग एक तरह का मानसिक रोग है। इसमें व्यक्ति को चलने में परेशानी, शरीर में कंपन, कठोरता, तालमेल और संतुलन आदि की समस्याएं होती हैं। बीमारी से जुड़ी रिसर्च में सामने आया कि पार्किंसन रोग की शुरुआत साधारण रोग के जैसी ही होती है और कुछ वक्त के बाद ये गंभीर रूप में तब्दील हो जाती हैं।

- पार्किन्सन बीमारी के उपचार के विकास लिए आर्वीड कार्लसन को वर्ष 2000 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**पार्किंसन रोग के लक्षण**

- **कपकपी होनाः** पार्किंसन रोग के लक्षणों में सबसे प्रमुख लक्षण शरीर में कपकपी होना है। उंगली, हाथ आदि शरीर के छोटे अंगों से इसकी शुरुआत होती है और फिर कुछ वक्त बाद ये पूरे शरीर में फैल जाती है।
- **लिखने में दिक्कत होनाः** लिखने में तकलीफ होना भी पार्किंसन रोग का लक्षण है। अगर आपको भी इस तरह की मुश्किल होती है तो पार्किंसन रोग हो सकता है, तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- **कार्य क्षमता को कमजोर करनाः** अगर आपकी कार्य क्षमता अचानक से कम होने लगी है तो डॉक्टर से संपर्क करें, ये पार्किंसन रोग हो सकता है।
- **मांसपेशियों में अकड़न होनाः** अगर आपके मांसपेशियों में अकड़न होती है और इस स्थिति में आपको दवा का सहारा लेना पड़ता है तो आपको इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।
- **बात करने में परेशानी होनाः** यदि किसी शख्स को बात करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो उसे तुरंत अपनी सेहत की जांच करानी चाहिए क्योंकि यह पार्किंसन रोग का संकेत हो सकता है।

---

**प्रश्नः थाइरॉइड ग्रंथि की खराबी किसकी कमी के कारण होती है?**

(a) विटामिन A (b) कैल्सियम
(c) आयोडीन (d) लोहा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तरः (c),** थायराइड एक अंतःस्रावी ग्रंथि है अर्थात एक एंडोक्राइन ग्लैंड है। यह मानव शरीर में मेटाबोलिज्म, विकास और परिपक्वता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह ग्लैंड गले के नीचे ट्रेकिआ (trachea) नामक विंडपाइप (windpipe) के सामने स्थित है।

- हाइपरथायरायडिज्म से एट्रियल फिब्रिलेशन, ऑस्टियोपोरोसिस और फ्रैक्चर होने की संभावना रहती है, वहीं हाइपोथायरायडिज्म, मायक्सेडेमा कोमा और मृत्यु का कारण बनता है। थायरॉइड समस्याओं का सबसे आम कारण ऑटोम्यून्यून थायराइड रोग (एआईटीडी) है। यह एक वंशानुगत यानी जेनेटिक स्थिति है।

---

**प्रश्नः कड़वाहट के लिये मानव जीभ का संवेदनशील क्षेत्र है**

(a) नोक (टिप) (b) मध्य भाग
(c) पीछे का भाग (d) किनारा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तरः (c),** जीभ हमारे मुंह के अन्दर स्थित एक इन्द्री है, जो हमें मुख्य रूप से चार प्रकार के स्वाद बताती है। यह पीछे की ओर चौड़ी और आगे की ओर पतली होती है। लाल रंग की यह जीभ मांसपेशियों की बनी होती है। इसकी ऊपरी सतह पर कुछ दानेदार उभार होते हैं, जिन्हें स्वाद कलिकाएं कहते हैं। ये स्वाद कलिकाएं कोशिकाओं से बनी है।

# 07 राज्य विशेष

**प्रश्न: बिहार की स्थापना कब की गई थी?**

(a) 1911 (b) 1912
(c) 1913 (d) 1914
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (b),** 22 मार्च 1912 में अंग्रेजों ने बिहार को बंगाल प्रेसिडेंसी से अलग कर नया राज्य घोषित किया था। भारत में क्षेत्रफल की दृष्टि से बिहार वर्तमान में 13वाँ राज्य है। 1936 ई. में ओडिशा और सन् 2000 ई. में झारखण्ड बिहार से अलग हो गया।

---

**प्रश्न: बिहार में तीनकठिया पद्धति में नील की खेती के लिए भूमि का कितना भाग अमानत रखा जाता था?**

(a) 01/10 (b) 01/03
(c) 03/20 (d) 03/25
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (c),** तीनकठिया खेती अंग्रेज मालिकों द्वारा बिहार के चंपारण जिले के रैयतों (किसानों) पर नील की खेती के लिए जबरन लागू तीन तरीकों में एक था। खेती का अन्य दो तरीका 'कुरतौली' और 'कुश्की' कहलाता था। तीनकठिया खेती में प्रति बीघा (20 कट्ठा) तीन कट्ठा जोत (3/20) पर नील की खेती करना अनिवार्य बनाया गया था।

---

**प्रश्न: बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री कौन थे?**

(a) श्रीकृष्ण सिंह (b) सत्यपाल मलिक
(c) नीतिश कुमार (d) राबड़ी देवी
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (a),** स्वतंत्रता सेनानी 'बिहार केसरी' डॉ. श्रीकृष्ण सिंह (श्री बाबू) (1887-1961), भारत के अखंड बिहार राज्य के प्रधानमंत्री व प्रथम मुख्यमंत्री (1946-1961) थे। स्वतंत्रता सेनानी व उनके सहयोगी डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह उनके मंत्रिमंडल में उपप्रधानमंत्री, उपमुख्यमंत्री व वित्तमंत्री के रुप में आजीवन साथ रहे। उनके मात्र 10 वर्षों के शासनकाल में बिहार में उद्योग, कृषि, शिक्षा, सिंचाई, स्वास्थ्य, कला व सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए।

- अविभजित बिहार के विकास में उनके अतुलनीय, अद्वितीय व अविस्मरणीय योगदान के लिए 'बिहार केसरी' श्री कृष्ण सिंह को आधुनिक बिहार के निर्माता के रूप में जाना जाता है।
- अधिकांश लोग उन्हें सम्मान और श्रद्धा से 'बिहार केसरी' और 'श्रीबाबू' के नाम से संबोधित करते हैं।

---

**प्रश्न: बिहार में कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन कहां हुआ था?**

(a) पटना (b) गया
(c) मुजफ्फरपुर (d) दरभंगा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (a),** बिहार में कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन पटना में आयोजित किया गया था। 1912 में कांग्रेस का अधिवेशन बांकीपुर (पटना) में हुआ था। यह कांग्रेस का 27वाँ अधिवेशन था, जिसकी अध्यक्षता रघुनाथ नरसिंह मधोलकर द्वारा की गई थी।

- इस अधिवेशन के महासचिव सच्चिदानंद सिन्हा थे तथा मौलाना मजहरुल हक स्वागत समिति के अध्यक्ष थे। कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 को बंबई के गोकुलदास संस्कृत विद्यालय में सेवानिवृत्त अंग्रेज सिविल सेवक ए.ओ. ह्यूम द्वारा की गई थी, जिसके प्रथम अध्यक्ष डब्लू.सी. बनर्जी थे। इस अधिवेशन में 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था, लेकिन बिहार का कोई प्रतिनिधि शामिल नहीं था।

---

**प्रश्न: जयप्रकाश नारायण को कौन-सी उपाधि दी गई थी?**

(a) प्रजा हितेच्छु (b) लोकनायक
(c) लोकमान्य (d) राष्ट्रनायक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (b),** जयप्रकाश नारायण भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे। उन्होंने 'सम्पूर्ण क्रांति' नामक आन्दोलन चलाया। उन्हें 'लोकनायक' के नाम से भी जाना जाता है।

- जयप्रकाश नरायण ने कहा कि सम्पूर्ण क्रांति में सात क्रांतियाँ शामिल है- राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक व आध्यात्मिक क्रांति। इन सातों क्रांतियों को मिलाकर सम्पूर्ण क्रान्ति होती है। 1999 में उन्हें मरणोपरान्त भारत रत्न से सम्मनित किया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें समाजसेवा के लिए 1965 में मैगससे पुरस्कार प्रदान किया गया था।

---

**प्रश्न: बिहार सरकार ने अगस्त 2018 में एक नयी योजना 'सतत जीविकोपार्जन योजना' शुरू की। इस योजना का उद्देश्य है**

(a) युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना
(b) ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय निकायों के माध्यम से रोजगार प्रदान करना
(c) अत्यधिक गरीब परिवारों को सतत आय का सृजन करने वाली परिसम्पत्ति प्रदान करना
(d) युवओं में दक्षता की वृद्धि के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान करना
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा, 2020**

**उत्तर: (c),** सतत जीविकोपार्जन योजना उन महिलाओं के लिए है जो दूसरों की दया पर जीवन-यापन करने को विवश हैं या अत्यंत गरीबी में किसी प्रकार अपना जीवन-यापन कर रही हैं। योजना के तहत जीविका समूह की महिलाएं पंचायत स्तर पर ऐसी महिलाओं की पहचान कर उन्हें समूह से जोड़ती है। उसके बाद उन्हें स्वावलंबी होने का गुर सिखाती हैं। रोजगार को लेकर प्रशिक्षण दिया जाता है।